# राजस्थान में हुआ एक्सीडेंट जबलपुर तक पसरा मातम

## 03 जिगरी यारों समेत 5 की मौत, सदमे में परिजन



**जबलपुर, 14 फरवरी. कहते हैं मां को सब पता होता है, नि: स्वार्थ प्रेम करने वाली मां की ममता बच्चों पर आने वाली मुसीबत को भी भाप लेती है. राजस्थान में हुआ एक्सीडेंट जबलपुर में रहने वाली मां ने महसूस कर लिया था.**

दरअसल तीन जिगरी यार समेत पांच लोग जबलपुर से उज्जैन घूमने गए थे वहां से अचानक खाटू श्याम जाते समय उनकी कार राजस्थान के चाकसू में शनिवार सुबह पांच बजे कोटा-जयपुर नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रेलर ट्रक से टकरा गई. रायपुर में हुए एक्सीडेंट की खबर जैसे ही मृतकों के जबलपुर स्थित घरों तक पहुंची तो परिजनों की दुनिया ही उजड़ गई है. सन्नाटा पसर गया. माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है और वे इस बात पर यकीन ही नहीं कर पा रहे कि जो बच्चे मुस्कुराते हुए घरों से निकले थे, वे अब कभी वापस नहीं आएंगे. इस सडक़ हादसे में जान गंवाने वाले शहर के मदर टेरेसा कटंगी रोड निवासी पीयूष राय के पिता राजेश राय ने नवभारत से चर्चा के दौरान बताया कि शिफ्ट कार से उनका बेटा चार अन्य के साथ उज्जैन गया था अचानक खाटू श्याम जाने का प्लान बना लिया. पीयूष की मां रश्मि राय ने बेटे को जाने से साफ मना कर दिया था लेकिन उनके साथ मौजूद रेशमा श्रीवास्तव ने बात करते हुए भरोसा दिलाया था कि कुछ नहीं होगा लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था.

### पिता के बर्थडे पर पहुंची मौत की खबर

नवभारत से चर्चा के दौरान राजेश राय ने नम आंखों से बताया कि वे अपने बेटे को कभी नहीं भूल सकते है उन्होंने बताया कि एक्सीडेंट के पहले बेटे से बात हुई थी. 14 फरवरी को उनका जन्म दिन था सभी खुश थे. 13-14 की दरम्यिानी रात्रि परिजन जन्मदिन मनाने के लिए केक काटने की तैयारी कर रहे थे लेकिन बेटे के बिना जन्म दिन नहीं मनाना था जिस लिए सब को बोल दिया था जब पीयूष लौटकर आयेगा तो बर्थडे मनाउंगा, पीयूष ने भी स्टेटस लगाया था लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था.

दमोह जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात दर्दनाक हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई. घटना व्यारमा नदी पर बने टूटे पुल पर हुई, जहां तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी. मृतकों की पहचान अजय घोषी (21), अमित कुर्मी (21) और पवन कुर्मी (22) निवासी छिरारी, थाना रहली, जिला सागर के रूप में हुई है. तीनों युवक समनापुर गांव में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया. थाना प्रभारी रावेन्द्र बागरी ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है. परिजनों का आरोप है कि पुल बह जाने के बावजूद मौके पर कोई चेतावनी संकेतक या बैरिकेडिंग नहीं थी, जिससे यह हादसा हुआ. तेज बारिश के कारण पुल क्षतिग्रस्त था और आवागमन बंद था.

## पोहा फैक्ट्री के सेल्समैन पर 46 लाख रुपये गबन का प्रकरण दर्ज

**उज्जैन.** पोहा फैक्ट्री में काम करने वाले सेल्समैन ने 3 साल में 46 लाख की हेरा फेरी कर दी संचालक को पता चला तो पहले रुपए लौटाने का आश्वासन दिया बाद में काम छोडक़र लापता हो गया. संचालक की शिकायत पर पुलिस ने गबन का प्रकरण दर्ज किया है. मक्सीरोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित समकित इंडस्ट्रीज पोहा, परमल और अनाज का व्यापार करती है. इसके संचालक रेणु जैन और श्रेयस जैन है. निजातपुरा नजरअली रोड निवासी रेणु जैन ने वर्ष 2022 में मूलत: मक्सी के पास के दोता गांव के रहने वाले गिरीश शर्मा पिता भारत शर्मा को इंडस्ट्रीज में सेल्समैन रखा था.

# फिर मौसम के मिजाज में बदलाव के संकेत

**भोपाल, 14 फरवरी. मध्य प्रदेश में सर्दी अब विदा लेने की तैयारी में है और गर्मी की दस्तक साफ महसूस की जा रही है. हालांकि मौसम पूरी तरह स्थिर नहीं हुआ है. 16 फरवरी के बाद प्रदेश में एक बार फिर मौसम के मिजाज में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं.**

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बादलों की आवाजाही बढ़ सकती है, जिससे तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा. फिलहाल दिन के समय तेज धूप लोगों को गर्मी का अहसास करा रही है. राजधानी भोपाल सहित इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, बैतूल, धार, गुना, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगोन, रतलाम, दमोह,



खजुराहो, मंडला, नरसिंहपुर, सागर और सिवनी में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है. खंडवा प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां पारा 33.5 डिग्री तक दर्ज किया गया. दोपहर के समय धूप तीखी हो रही है और लोग हल्के गर्मी वाले कपड़ों में नजर आने लगे हैं. वहीं दूसरी ओर रात के समय ठंड का असर अभी बना हुआ है. कटनी जिले के करौंदी में न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

पचमढ़ी में 9.2 डिग्री और खजुराहो में 10.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ. ग्वालियर में भी रात का पारा 12.5 डिग्री तक नीचे चला गया. इससे साफ है कि दिन और रात के तापमान में काफी अंतर बना हुआ है. वर्तमान पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कुछ क्षेत्रों में हल्के बादल देखे जा रहे हैं. 16 फरवरी से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक नया सिस्टम सक्रिय होगा, जिसका असर मध्य प्रदेश तक पहुंच सकता है. इससे न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी संभव है. पहाड़ी क्षेत्रों में जारी बर्फबारी और उसके बाद बर्फ के पिघलने से प्रदेश में हल्की ठंड का एक छोटा दौर फिर लौट सकता है.

# महाकाल मंदिर के नाम पर ऑनलाइन ठगी का जाल

**उज्जैन, 14 फरवरी. महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व की आड़ में फर्जी वेबसाइट द्वारा धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है. बाबा महाकाल की नगरी में एक ओर जहां लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की तैयारियां चरम पर हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ भ्रामक वेबसाइटों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा.**

महाकाल मंदिर के नाम पर दर्शन, अभिषेक, जल अर्पण और विशेष पूजन कराने के नाम पर ऑनलाइन ठगी की जा रही है. नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार श्री मंदिर नाम से इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक और यूट्यूब पर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है. इन प्लेटफॉर्मों पर श्रद्धालुओं को यह कहा जा रहा है कि वे भगवान महाकाल को पाँच विशेष वस्तुएं अर्पित कर सकते हैं, जल चढ़ा सकते हैं तथा विशेष पूजा करवा सकते हैं. नवभारत से चर्चा में महाकाल मंदिर प्रसाद का प्रथम कौशिक ने बताया कि ऐसी फर्जी वेबसाइट की शिकायत मिली है, हमने भी इसका अवलोकन कराया है और यदि सोशल मीडिया पर लगातार इस प्रकार की भ्रामक जानकारी प्रसारित होती रही और श्रद्धालुओं के साथ ठगी होती रही.

# केरल के दल ने देखे ग्वालियर में विकास कार्य

## विधानसभा अध्यक्ष तोमर से मिला दल, गौशाला भी देखी

**ग्वालियर, 14 फरवरी. केरल से आए जनप्रतिनिधियों के एक दल ने ग्वालियर में शहर विकास कार्यों का अवलोकन किया. शनिवार को दल ने विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से भेंट की और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की.**

इस दौरान ग्वालियर-चंबल संभाग के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व पर भी चर्चा हुई. दल ने नगर निगम द्वारा संचालित आदर्श गौशाला लाल टिपारा का दौरा किया, जहां निराश्रित गायों की देखभाल और गौशाला परिसर में स्थापित सीएनजी प्लांट का



अवलोकन किया. केरल के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सागरताल स्थित आवासों का निरीक्षण किया और निवासियों से बातचीत की. इसके साथ ही वे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन की जानकारी भी प्राप्त कर गए. दल ने ग्वालियर किले और दुर्ग पर संचालित लाइट एण्ड साउण्ड कार्यक्रम का भी अवलोकन किया. 15 फरवरी को यह दल पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के निवास शिंदे की छावनी पहुंचेगा, जहां पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ लाइब्रेरी और स्मार्ट सिटी के कंट्रोल कमाण्ड सेंटर का अवलोकन किया जाएगा.

## एक नजर में

### महाशिवरात्रि : धूमेश्वर धाम में उमड़ने लगी भीड़

**ग्वालियर.** महाशिवरात्रि पर्व पर धूमेश्वर धाम में विशेष सजावट के साथ स्वच्छता का भी ध्यान रखा जा रहा है. धूमेश्वर महादेव मंदिर पर महंत अनिरुद्धवन महाराज द्वारा विशेष सजावट कराई जा रही है. भितरवार के एसडीएम राजीव समाधिया के निर्देश और नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल, सीएमओ रीता केलशिया के मार्गदर्शन में निकाय कर्मियों ने मंदिर प्रांगण में सफाई की. महंत अनिरुद्धवन महाराज ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया. आस्था का केंद्र धूमेश्वर महादेव मंदिर पर एक दिन पहले से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है. मंदिर में हिंदू एवं मुस्लिम संस्कृति का समागम है.

### 3 घंटे स्कूल के बाहर खड़े रहे नौनिहाल



**सिंगरौली.** जिले के मोरवा स्थित डीएव्ही स्कूल सिंगरौली मोरवा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. बताया जा रहा है कि फीस जमा न होने के कारण छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल परिसर से बाहर कर दिया गया. हालांकि वायरल वीडियों की पुष्टि नवभारत नही करता है. वायरल वीडियो में कुछ बच्चे स्कूल के बाहर खड़े नजर आ रहे हैं. अभिभावकों का आरोप है कि प्रबंधन से बातचीत करने की कोशिश की गई, लेकिन इस संबंध में स्पष्ट जवाब देने से इनकार किया गया. घटना के बाद स्थानीय स्तर पर चर्चा का माहौल है. अभिभावकों में इस बात को लेकर काफी नाराजगी है.

### विधायक छाया मोरे ने जीता सबका दिल

**खंडवा.** लाड़ली बहना महासम्मेलन में जहाँ करोड़ों की सौगातों की चर्चा रही, वहीं पंधाना विधायक छाया मोरे का एक अलग ही रूप आकर्षण का केंद्र बन गया. पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में सजी-धजी विधायक छाया मोरे ने जब मंच पर कलाकारों के साथ कदम से कदम मिलाए, तो पूरा वातावरण उत्साह से भर गया. मादल की थाप और लोक वाद्ययंत्रों की गूंज पर उनका यह पारंपरिक नृत्य दे देख उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गडग़ड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया. अपनी विधायक को लोक संस्कृति के रंग में रंगा देख लाड़ली बहनों और आदिवासी समाज में आत्मीयता की लहर दौड़ गई. कार्यक्रम का सबसे रोमांचक और चर्चित क्षण वह रहा जब मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विपक्ष को आड़े हाथों लिया. कांग्रेस पर तीखा सियासी हमला बोलते हुए उन्होंने वहां मौजूद हजारों की भीड़ से एक अनूठा आह्वान किया. उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेसियों के मन का अंधेरा दूर करना है, तो आप सभी अपने मोबाइल की लाइट जलाकर उजाला करें.

# सीएम ने लाड़ली बहनों के खातों में डाली 45 .50 करोड़ की राशि

**छिन्दवाड़ा,, 14 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज खण्डवा जिले के पंधाना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की 33वीं किस्त का अंतरण किया. छिंदवाड़ा जिले की 3,12,659 लाडली बहनों को 45.50 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया.**

इसी कड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास बृजेश कुमार शिवहरे और शहरी क्षेत्र की लाड़ली बहना हितग्राहियों की

**लाडली बहना योजना की 33वीं किस्त का किया अंतरण**

**कार्यक्रम का प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से दिखाया**

उपस्थिति में किया गया. कार्यक्रम में खण्डवा जिले से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा एवं सुना गया.

इसके अलावा जिले की परियोजनाओं एवं आंगनबाडिय़ों में भी लाड़ली बहना हितग्राहियों को जोड़कर कार्यक्रम का प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से दिखाया गया.

# एक मई से लगेगा स्वदेशी शक्ति का महाकुंभ

**ग्वालियर, 14 फरवरी. कान्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय व्यापार की तस्वीर बदलने लोकल फार वोकल के साथ भारत मंडपम में एक भारतीय व्यापार महोत्सव का आयोजन एक मई से चार मई तक करेगा.**

इसमें स्वदेशी उत्पादों को बढावा देने के लिये उनके निर्यात को बढावा देने का प्रयास किया जाएगा. उक्त जानकारी आज कान्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने पत्रकारों को देते हुये बताया कि भारत के स्वदेशी उत्पाद को लोकल से ग्लोवल तक पहंचाने के उददेश्य से इस महाकुंभ का आयोजन किया



जा रहा है. भारतीय व्यापार महोत्सव प्रगति मैदान के भारत मंडपम में होगा. इसमें अलग अलग सेक्टर में उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा. सांसद खंडेलवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के व्यापार एवं उद्योग तथा सेवाओं की क्षमता सामर्थ्य और शक्ति को देश ही नहीं बल्कि दुनिया के सामने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेगा. इसमें भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों को पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है. आयोजन से देश की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे. उन्होंने बताया कि कैट की गवर्निंग काउंसिल की बैठक मं केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस प्रकार के भव्य आयोजन का सुझाव दिया था कैट ने इसे हाथ में लिया ओर स्वदेशी उत्पादों, एमएसएमई स्टार्टअप्स और कारीगरों को डिजीटल भुगतान, व्यापक बाजार तथा सशक्त बी2बी एव बी 2 सह

## 95 वर्षीय बुजुर्ग ने राइफल से गोली मार कर की आत्महत्या

**ग्वालियर.** 95 वर्षीय बुजुर्ग ने लायसेंसी राइफल से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. घटना ठाठीपुर थाना इलाके के नेहरू कॉलोनी की है. गोली पेट में लगकर पीठ से आर-पार निकल गयी. आवाज सुनकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे लेकिन तब तक बुजुर्ग दम तोड़ चुके थे. खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. मौके पर सुसाइड नोट भी मिला है. बुजुर्ग पारिवारिक क्लेश से तंग आ चुके थे. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. शहर के ठाठीपुर थाना इलाके में 80, नेहरू कॉलोनी निवासी रामाधार 95, पुत्र मंगाराम गुप्ता डेयरी संचालक थे.

# सुनवाई योग्य नहीं सरकार की आपत्ति याचिका

## रज्जाक के मामले में अब 16 मार्च को होगी सुनवाई

**जबलपुर, 14 फरवरी. मप्र हाईकोर्ट में हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक को लेकर दायर याचिका में सुनवाई हुई. राज्य सरकार ने याचिका पर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि जब हिरासत का आधार ही स्पष्ट नहीं है, तो इसे कैसे चुनौती दी जा सकती है.**

जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस राजेंद्र कुमार वाणी ने मामले में आवेदक की ओर से समय की राहत चाहने पर अगली सुनवाई 16 मार्च को निर्धारित की है. सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह और शासकीय अधिवक्ता मानस मणि वर्मा ने कोर्ट को बताया कि रज्जाक की पत्नी सबीना बेगम ने



पहले हिरासत के खिलाफ याचिका दायर की थी. जिसे 8 जुलाई 2025 को वापस ले लिया गया था. अब नई याचिका में हिरासत का ठोस आधार नहीं बताया गया है, इसलिए यह सुनने योग्य नहीं है. सरकार ने यह भी कहा कि राहत के लिए आरोपी को नियमित जमानत आवेदन देना चाहिए न कि इस तरह की याचिका, जिसमें आरोप लगाया गया है कि व्यवसायिक प्रतिद्वंद्विता के चलते रज्जाक पर एनएसए के तहत कार्रवाई की गई और यह कार्रवाई पूर्व मंत्री व विधायक संजय पाठक के इशारे पर हुई. हाईकोर्ट के निर्देश पर 31 अक्टूबर को विधायक का नाम सार्वजनिक होने के बाद उन्हें नोटिस जारी किया गया था.

### एनजीटी में याचिका के जरिए कार्रवाई की अंतरिम मांग

**जबलपुर.** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ( एनजीटी) में एक जनहित याचिका के जरिए नर्मदा, परियट व गौर नदी से पांच सौ मीटर के भीतर की डेयरियों को हटाने के दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है. जनहित याचिकाकर्ता नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे का कहना है कि अनिवार्य नीति के अनुसार नदियों से पांच सौ मीटर दूरी पर डेयरियां नहीं होना चाहिए. जनहित याचिकाकर्ता के वकील प्रभात यादव के अनुसार 28 जनवरी 2026 को एनजीटी ने नौ वर्ष पूर्व के आदेश का सख्त रूप से पालन करने के निर्देश दिए थे. डेयरियों के अपशिष्ट से नर्मदा जल प्रदूषित होने से बचाव के लिए डेयरियां हटाकर नई जगहों पर शिफ्ट करने कहा गया था.

# शिक्षा विभाग के 13 कर्मचारियों पर गिरी गाज, प्रशासन सख्त

**शिवपुरी, 14 फरवरी. कक्षा 1 से 3 तक के लिए स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता जांचने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है.**

जिला पंचायत सीईओ विजय राज ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप एक भी स्कूल का भ्रमण न करने पर डाइट के 2 व्याख्याताओं, 3 बीएसी और 8 जन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं. कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के निर्देशों के बावजूद शून्य प्रतिशत प्रगति पाए जाने पर जिला शिक्षा केंद्र के डीपीसी ने इन 13 कर्मचारियों की एक वेतन वृद्धि रोकने का प्रस्ताव भी भेजा है.




डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने बताया कि कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी द्वारा लगातार एफएलएन के मेंटरिंग एप की मॉनिटरिंग हर माह की जा रही है. डाइट की एकेडमिक प्रभारी सरिता लोधी, पूजा शर्मा को 5 में से 1 भी विजिट न करने, बदरवास बीएसी वेदप्रकाश शर्मा, संजीव भार्गव सहित पोहरी के बीएसी अरविंद कुमार वर्मा को 12 में से एक भी स्कूल का विजिट न करने पर एससीएन जारी किया है.

## श्रद्धा — बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में गौ कथा का समापन

# पृथ्वी सात स्तंभों पर आधारित है : राजेंद्रदास महाराज

**रीवा, 14 फरवरी, बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में स्थित श्री रेवासा धाम एवं श्री वृंदावन धाम के पावन सानिध्य में मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास महाराज द्वारा आयोजित गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती विषयक दिव्य कथा का तीसरा एवं अंतिम दिवस अत्यंत भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ.**

बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धा, विश्वास और भक्ति के साथ कथा श्रवण किया. अपने अमृतमय प्रवचन में महाराज श्री ने शास्त्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पृथ्वी सात




स्तंभों पर आधारित है. प्रथम स्तंभ गौ माता हैं, द्वितीय ब्राह्मण, तृतीय वेद, चतुर्थ सती-सावित्री पतिवृता नारियां, पंचम सत्यवादी पुरुष, षष्ठम लोभरहित पुरुष और सप्तम दानशील पुरुष. इन सातों तत्वों के संरक्षण से ही समाज और सृष्टि का संतुलन बना रहता है. चित्रकूट के संत शिरोमणि संकादिक महाराज भी गोकथा में शामिल हुए. मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज की उपस्थिति में बसामन मामा गौधाम परिसर में ऋषिकुलम आवास गृह का भूमिपूजन किया एवं पीपल का वृक्षारोपण किया.

महाराज श्री ने कहा कि युग निर्माता ब्राह्मण होता है जो संपूर्ण समाज की पीड़ा को अनुभव करे, वही सच्चा ब्राह्मण है. धर्माचरण से ही अर्थ और काम रूपी पुरुषार्थ की सिद्धि संभव है.

### गौ माता का सम्मान ही मानवता का सम्मान है : उप मुख्यमंत्री

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हम सबके लिए यह अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि पूज्य राजेंद्रदास महाराज के मुखारविंद से अमृतवाणी श्रवण का अवसर प्राप्त हुआ. एक ओर बसामन मामा की पुण्यभूमि, जहाँ दस हजार गौ माताओं के संरक्षण एवं संवर्धन का विशाल प्रकल्प संचालित है, और दूसरी ओर पूज्य महाराज श्री का दिव्य प्रवचन यह संगम सचमुच त्रिवेणी के समान है, जो दीर्घकाल तक समाज का कल्याण करता रहेगा. श्री शुक्ल ने कहा कि गौ माता का सम्मान ही मानवता का सम्मान है.

# पारंपरिक न्यायवाद का माध्यम है मध्यस्थता

**जबलपुर, 14 फरवरी. शीघ्र एवं प्रभावी न्याय का मार्ग प्रशस्त करने हेतु अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा होटल आईटीसी वेलकम, तिलवारा रोड में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीपति जस्टिस जेके माहेश्वरी एवं विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा ने कार्यशाला को संबोधित कर मार्गदर्शन प्रदान किया.**

कार्यशाला को संबोधित करते हुए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति जस्टिस जेके महेश्वरी ने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था में मध्यस्थता का प्रमुख स्थान रहा है विवादों के त्वरित




निराकरण का माध्यम मध्यस्थता से ही संभव है और मध्यस्थता का मूल तत्व ही संवाद है, संवाद को प्राथमिकता देकर मध्यस्थता के द्वारा प्रकरण का त्वरित निराकरण संभव है . हमारे देश में पूर्व में मध्यस्थता के माध्यम से ही त्वरित न्याय की व्यवस्था थी आज भी यही विधि प्रभावी है और यही कारण है कि मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम में विवादों के निराकरण हेतु विशेष प्रावधान किया गए है. जस्टिस जेके माहेश्वरी ने कहा कि मध्यस्थता विवादों को सुलझाने की एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है, जिसमें एक निष्पक्ष तीसरा पक्ष (मध्यस्थ) दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए समझौता कराता है. स्वैच्छिकता, भागीदारी, निष्पक्षता, गोपनीयता, आत्मनिर्णय और खुली संचार व्यवस्था सुलह की मुख्य विषय वस्तु होती है.